बिहार सरकार
शिक्षा विभाग

आदेश

सं0स0—03/आ01—89/2024 अंश......................../श्री रवि कुमार, तत्कालीन जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा अभियान, दरभंगा संप्रति सहायक निदेशक, एस.सी.ई.आर.टी. को कतिपय प्रतिवेदित आरोपों के आलोक में विभागीय संकल्प संख्या—234 दिनांक 28.11.2024 द्वारा निलंबित किया गया था।

2. विभागीय संकल्प संख्या—236 दिनांक 28.11.2024 से श्री रवि कुमार के विरूद्ध बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम—17 के तहत अनुशासनिक कार्यवाही प्रारंभ की गई।

3. विभागीय आदेश संख्या—287 दिनांक 30.06.2025 से श्री कुमार को निलंबन मुक्त करते हुए इनका पदस्थापन सहायक निदेशक, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, महेन्द्रू, पटना के पद पर किया गया।

4. श्री रवि कुमार के विरूद्ध संचालित अनुशासनिक कार्यवाही में संचालन पदाधिकारी द्वारा इनके विरूद्ध प्रतिवेदित सभी आरोपों को अप्रमाणित पाया गया, तद्नुसार समीक्षोपरांत आदेश सं0—318663 दिनांक 10.11.2025 द्वारा श्री रवि कुमार को अनुशासनिक कार्यवाही में आरोप मुक्त करते हुए मामले को समाप्त किया गया। तत्समय निलंबन अवधि के सेवा निरूपण एवं वेतन/भत्तों की अनुमान्यता के संबंध में निर्णय नहीं लिया गया है।

5. श्री रवि कुमार द्वारा निलंबन अवधि (दिनांक 28.11.2024 से दिनांक 30.06.2025) के वेतन—भत्ता एवं सेवा निरूपण के लिए अभ्यावेदन दिया गया है।

6. श्री रवि कुमार के निलंबन अवधि के वेतन—भत्ता एवं सेवा निरूपण के संबंध में समीक्षोपरांत अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा निम्नवत् निर्णय लिया गया है —

"श्री रवि कुमार के दिनांक 28.11.2024 से दिनांक 30.06.2025 तक की निलंबन अवधि को सभी प्रयोजनों के लिए कर्तव्य पर बितायी गई अवधि मानी जाएगी" ।

7. उक्त पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह./
(मनोरंजन कुमार)
निदेशक (प्रशासन)

ज्ञापांक— सं0—03/आ01—89/2024 अंश 2/394757 पटना, दिनांक— 10/04/2026

प्रतिलिपि :— महालेखाकार, बिहार, पटना/माननीय मंत्री, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना/शिक्षा विभाग अंतर्गत सभी निदेशक/प्रबंध निदेशक/परियोजना निदेशक, /प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वै0दा0नि0को0) विभाग, बिहार, पटना/संबंधित कोषागार पदाधिकारी/श्री रवि कुमार, तत्कालीन जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा अभियान, दरभंगा सम्प्रति सहायक निदेशक, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, महेन्द्रू, पटना एवं आई.टी. मैनेजर, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

Signed by
Manoranjan Kumar
निदेशक (प्रशासन)
Date: 09-04-2026 19:10:44